प्रादेशिक समाचार

- पेरिस पैरालंम्पिक में भारत की शानदार शुरूआत– निशानेबाजी में अवनी लेखरा ने स्वर्ण और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिये आज मुम्बई में रोड़ शो किया।

- प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में बारिश का दौर जारी–राजसमंद का नन्दसमंद बांध छलका।

- केन्द्र सरकार ने पेंशन प्रकिया को आसान बनाने के लिये एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र जारी किया।

000

पेरिस पैरालंम्पिक में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। निशानेबाजी में आज भारत ने स्वर्ण और कांस्य पदक जीत लिया। अवनी लेखरा ने दस मीटर एयर राइफल स्टेंडिंग एसएच–1 में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 249 दशमलव 7 का स्कोर किया। इस स्पर्धा का कांस्य पदक मोना अग्रवाल को मिला। उन्होंने 228 दशमलव 7 अंक अर्जित किए। अवनी ने अपना ही पैरालंपिक रिकार्ड तोडा है। टोक्यो पैरालंपिक में उन्होंने 249 दशमलव छह अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्ण जीतने पर अवनि लेखरा को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि अवनि ने तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनकर इतिहास रच दिया है। श्री मोदी ने उनके समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कांस्य पदक जीतने पर मोना अग्रवाल को भी बधाई दी।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अवनि लेखरा के स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने जयपुर की इस स्टार पैरा शूटर पर गर्व जताते हुए कहा कि अवनि ने विश्व भर में भारत को गौरवान्वित किया है। श्री बागडे ने प्रदेश की ही मोना अग्रवाल के कांस्य पदक जीतने पर भी प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन दोनों की जीत महिला शक्ति की विजय है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल को उनकी सफलता पर बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर श्री शर्मा ने कहा कि दोनों की उपलब्धि से राजस्थान सहित पूरा राष्ट्र गौरवान्वित है।

000

प्रदेश में दिसम्बर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से अधिक से अधिक निवेश आकर्षिक करने के मकसद से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज मुंबई में रोड शो किया। इस आयोजन के बाद, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में निवेश को बढावा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राजस्थान सरकार ने ऊर्जा, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सीमेंट, और पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में साढे चार लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की योजना बनाई है।

...................

मुख्यमंत्री ने निवेशकों और कॉर्पोरेट जगत की हस्तियों को 9–11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि अगर महिलाओं की विकास में भागीदारी नहीं होगी तो देश वांछित विकास हासिल नहीं कर सकता। वे आज दिल्ली में "विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत एक परिपक्व, परिष्कृत और औपचारिक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शौचालय युक्त घर, रसोई गैस कनेक्शन, नल से जल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज श्रीगंगानगर स्थित ऐतिहासिक हिंदुमलकोट चौकी और सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत–पाकिस्तान सीमा की इस महत्वपूर्ण चौकी से सरहद क्षेत्र का अवलोकन करते हुए वहां तैनात बीएसएफ के जवानों से संवाद भी किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर मुस्तैद रहकर देश की रक्षा करने की उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए जवानों का अभिनंदन किया। राज्यपाल ने जवानों के हौसले की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के सुरक्षा प्रहरी ही नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता और अखण्डता के भी प्रतीक हैं। उन्होंने वहां वार म्यूजियम भी देखा। उन्होंने हिन्दुमलकोट गांव के प्राचीन अवशेषों और ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी इमारतें भी देखीं। राज्यपाल ने बाद में बॉर्डर पर आंतरिक सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक भी ली। उन्होंने बीएसएफ और पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से मिलकर सीमा पार से ड्रोन द्वारा हेरोईन और अन्य चीजें भेज जाने पर पूरी निगरानी रखने और स्थानीय लोगों से सतत सम्पर्क में रहते हुए काम करने पर जोर दिया। उन्होंने हिन्दुमल कोट के सरकारी स्कूल में पोषाहार वितरण और खेलकूल गतिविधियों के बारे में बच्चों से बातचीत की। इससे पहले राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित लोगों से भी संवाद किया। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के कियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली।

000

-----------------

प्रदेश के उत्तरी हिस्से में कई स्थानों पर बारिश का दौर बना हुआ है। हनुमानगढ जिले में आज पांचवें दिन भी बारिश हो रही है। बारिश से गांवों की सड़कों और गलियों में पानी जमा हो गया है। लगातार बारिश से खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है जिससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले में भी मुख्यालय के अलावा सादुलशहर, पदमपुर और आसपास के गांवों में आज बारिश हुई है। इस बीच प्रदेश के अन्य हिस्सों में बारिश का दौर थमा हुआ है लेकिन जल स्त्रोतों में पानी की आवक जारी है। राजसमंद में नाथद्वारा का प्रमुख पेयजल स्त्रोत नन्दसमंद बांध आज छलक गया। इसके बाद बांध का ओवर फ्लो पानी बनास नदी में रेलमगरा की ओर बह रहा है। नन्दसमंद बांध के छलक जाने से अब राजसमंद झील में भी खारी फीडर से पानी आने की उम्मीद है, जिससे राजसमंद झील का भी जलस्तर बढ़ेगा। उधर टोंक जिले के बीसलपुर बांध में अब धीमी गति से पानी की आवक हो रही है जिसके चलते आज दोपहर बाद बांध का जल स्तर 314 दशमलव चार आठ आरएल मीटर हो गया है। सिंचाई विभाग के अनुसार बीसलपुर बांध के लिये अगले 60 घंटे बहुत महत्वपूर्ण हैं और बांध इस दौरान कभी भी छलक सकता है। ये बांध अब तक 6 बार छलक चुका है।

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को अपने व्यवहार में शालीनता और धैर्य रखना चाहिए। आज भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में श्री राठौड़ ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के सेवक है और जनसेवक बनकर ही उन्हें सेवा भाव से प्रत्येक नागरिक की समस्या के समाधान का प्रयास करना चाहिए। आगामी उपचुनाव में बीएपी से गठबंधन को लेकर किए गये सवाल के जवाब में श्री राठौड़ ने कहा कि भाजपा प्रदेश के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग के लिए तैयार है, लेकिन किसी ऐसे राजनीतिक दल का सहयोग नहीं किया जाएगा जो समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका प्रयास और सबका विकास की नीति पर कार्य करते हुए समाज को एकजुट करने के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध है।

000

आज राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस है। देश और प्रदेश की तरक्की में लघु उद्योगों का भी बड़ा हाथ है। प्रदेश में विभिन्न अंचलों में लघु उद्योगों ने अपनी खास पहचान बनाई है। झुन्झुनू जिले के सुलताना कस्बे के कारीगरों ने अपने हुनर के दम पर अन्तर्राष्ट्रीय बाजार तक अपनी पहुंच बना ली है। इस क्षेत्र के करीब 100 परिवार लोहे के तार से हैंडीकाफ्ट के आइटम बना रहे हैं, वहीं लगभग 200 परिवार लोहे के बर्तन बनाने के काम में जुटे हैं। खास बात है कि इन चीजों को बनाने में वैल्डिंग नहीं की जाती। सुलताना के कारीगरों द्वारा बनाई कलात्मक चीजें इटली, फांस, जर्मनी, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, इग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तक पहुंच रही हैं।

इसी तरह सांचौर जिले के लालपुरा गांव के बुनकरों ने अपनी हस्तकला के जरिये स्थानीय पट्टू को नया आयाम दिया है। यह विशेष अवसरों पर पहना जाने वाला वस्त्र है जो कम्बल जैसा होता है। इसे भेड़ की ऊन से बनाया जाता है। स्थानीय बुनकरों की मेहनत से यह देश–विदेश में प्रसिद्ध है।

000

पेंशन प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया। साथ ही भविष्य पोर्टल का ई–एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण कर दिया गया है। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मानव संसाधन प्रबंधन

को बढ़ाने के लिए इन उपायों को महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि नौ पेंशन फॉर्म को मिलाकर एक नया एकल फॉर्म बनाया गया है जिससे पेंशन के लिए आसानी होगी। सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र और ई–एचआरएमएस के साथ भविष्य पोर्टल के डिजिटल एकीकरण से पेंशनभोगियों के लिए आवेदन की ट्रेकिंग संभव हो सकेगी।

000

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर आज सेवानिवृत्त हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का कार्यभार अन्य अधिकारियों को सौंपा है। पाली की संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह को जोधपुर के भंवर लाल मेहरा के सेवानिवृत्त होने पर जोधपुर संभागीय आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया है। उदयपुर के संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट के सेवानिवृत्ति पर उनका कार्यभार टीएडी कमिश्नर प्रज्ञा केवलरामानी को दिया गया है। महिला और बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. मोहन लाल यादव के सेवानिवृत्त होने पर उनके विभाग का जिम्मा अब शुचि त्यागी को सौंपा गया है। इसी तरह आईएएस अधिकारी चित्रा गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल शिक्षा और पंचायती राज विभाग के विशेष सचिव का कार्यभार विश्व मोहन शर्मा को दिया गया है।

000

सवाईमाधोपुर जिले में रणथंभौर बाघ परियोजना क्षेत्र में वन्य जीव के हमले में दो युवक घायल हो गए। घटना आर ओ पी टी रेंज के गोपालपुरा गांव के पास हुई। सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। युवकों को पहले बहरावंडा खुर्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उन्हें सामान्य चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में वनकर्मियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

000

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा है कि दिव्यांग नागरिकों को चुनाव में भागीदारी के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने के लिये निर्वाचन विभाग को संवेदनशील होकर काम करना होगा। श्री महाजन ने आज जयपुर में एक बैठक में कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की पहचान के लिये केन्द्र सरकार के स्वावलंबन पोर्टल में दर्ज डाटा के आधार पर राज्य में होम वोटिंग के पात्र दिव्यांगजनों को घर से वोट डालने की सुविधा का विकल्प देना आसान होगा। श्री महाजन ने दिव्यांगजनों के लिए संचालित विशेष विद्यालयों सहित सामान्य स्कूलों में पढ रहे 18 साल के दिव्यांग विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं में वोट डालने की जागरूकता के लिये विशेष प्रयास किये जाने पर जोर दिया।

000